@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Monday, 15 June 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 269 Pages 04 | ₹3.00

# MODI–MACRON MEET IN NICE UNDERSCORES INDIA-FRANCE PUSH FOR GLOBAL INNOVATION PARTNERSHIP

FAIR REPORT



**NICE (FRANCE):** Prime Minister Narendra Modi on Sunday held talks with French President Emmanuel Macron in Nice, reaffirming the growing strategic partnership between India and France and placing innovation, technology and future-focused cooperation at the centre of bilateral ties.

Sharing details of the meeting, Modi said he was "happy to meet" President Macron and thanked him for participating in the Bharat Innovates initiative during the two countries' jointly designated Year of Innovation. The interaction highlighted the increasing convergence between New Delhi and Paris on emerging technologies, entrepreneurship, research collaboration and digital transformation.

The meeting comes at a time when India and France are expanding cooperation across critical sectors, including artificial intelligence, defence technology, clean energy, space exploration and advanced manufacturing. Both nations have sought to position themselves as key players in shaping the global innovation ecosystem amid intensifying geopolitical competition and technological realignment.

Diplomatic observers view the Modi-Macron engagement as another signal of the deep trust that has come to define the India-France relationship. Beyond traditional defence and strategic cooperation, the partnership is increasingly being driven by joint investments in innovation, talent exchange and next-generation industries.

As global powers compete for technological leadership, India and France appear determined to strengthen a partnership that extends beyond diplomacy into the laboratories, startups and innovation hubs that will shape the future economy.

The Nice meeting reinforces a clear message: New Delhi and Paris intend to be co-creators, not merely consumers, of the technologies that will define the 21st century.

## PAK POLICE BULLETS KILL 9-YEAR-OLD AUSTRALIAN GIRL IN SHOCKING CASE OF MISTAKEN IDENTITY



FAIR REPORT

**ISLAMABAD/KARACHI:** A nine-year-old Australian girl was killed and her father and brother critically injured after Pakistani police allegedly opened fire on their vehicle, mistaking the family for robbery suspects in a devastating case of mistaken identity that has sparked international outrage.

The family had travelled from Australia to Pakistan to visit relatives when tragedy struck. According to initial reports, two motorcycle-borne robbers snatched jewellery from the family before fleeing the scene. Moments later, as the family's vehicle moved away from the area, police officers reportedly assumed it belonged to the fleeing criminals and unleashed gunfire.The barrage of bullets turned a family visit into a nightmare. The young girl died from her injuries, while her father and brother were rushed to hospital in critical condition.

The incident has ignited anger in Australia and renewed scrutiny of policing standards in Pakistan. Questions are being raised about why officers allegedly resorted to firing on a civilian vehicle without first establishing the identity of its occupants or assessing the situation.

## BJP OBC MORCHA LEADER'S DEATH SPARKS OUTRAGE; 12 BOOKED, DEMOLITION DRIVE FOLLOWS IN DEHRADUN

FAIR REPORT

**DEHRADUN:** Tensions escalated in Dehradun after the death of BJP OBC Morcha leader Vinod Kashyap, with police registering cases against multiple accused and authorities launching a demolition drive against properties allegedly linked to those named in the investigation.

According to police sources and local reports, the incident stemmed from a dispute reportedly connected to the use of a tubewell for irrigating agricultural land. Kashyap later succumbed to injuries sustained during the altercation, triggering widespread anger among local residents and political workers.

Investigators have named 12 individuals in connection with the case. Among those identified by police is a man named Imtiyaz, though authorities have stated that the investigation remains ongoing and all allegations will be examined through the legal process.

The aftermath witnessed heightened security across the area as officials carried out demolition action against structures alleged to be in violation of municipal regulations. The move drew large crowds, with slogans and chants echoing through the locality as earthmovers moved in.

Political reactions poured in from across the spectrum, with BJP leaders demanding swift justice and strict action against those responsible. Opposition parties, meanwhile, called for due process and cautioned against prejudging the outcome of the investigation.

The incident has quickly evolved from a local dispute into a politically charged law-and-order issue, with authorities facing mounting pressure to ensure both accountability and communal harmony as the probe progresses.

### 'I WANTED TO SEE HER CRY': JAIPUR CHILD MURDER SHOCKS CITY, NEIGHBOUR HELD FOR ALLEGED REVENGE KILLING

**JAIPUR:** A five-year-old girl's killing has sent shockwaves through Jaipur after police arrested a woman neighbour who allegedly confessed that the crime was driven by a long-standing personal grudge against the child's mother.

According to investigators, the accused and the victim's family had been involved in an ongoing dispute for several months. Police allege that resentment stemming from the conflict ultimately culminated in a premeditated act of violence targeting the young child.The case took an even more disturbing turn when, according to police sources, the accused allegedly told the victim's father that she wanted to see his wife suffer and had been harbouring thoughts of revenge for months. Authorities are verifying all statements as part of the ongoing investigation.

## KHAN SIR TARGETED ROSHAN ANAND IN 'PLANNED CONSPIRACY', CLAIMS LAWYER; EDUCATION RIVALS LOCKED IN ESCALATING FEUD

FAIR REPORT





**PATNA/NEW DELHI:** The ongoing dispute between educators Khan Sir and Roshan Anand took a dramatic turn on Sunday after Roshan Anand's lawyer, Niranjan Kumar Singh, publicly alleged that his client was the target of a deliberate campaign to damage his reputation.

Speaking to media, Singh claimed that the controversy surrounding Roshan Anand was not organic but part of a larger effort to discredit him. He further alleged that a security guard associated with Khan Sir had made statements suggesting the existence of aggressive instructions during the dispute. These allegations have not been independently verified, and no court has established the claims as fact.

"This is the real picture. Khan Sir fully conspired and created massive media hype to frame Roshan Anand Sir," Singh said while outlining his client's position.

The remarks mark the latest escalation in a conflict that has moved far beyond professional rivalry. What began as competition between two prominent figures in India's rapidly expanding coaching and online education sector has now evolved into a legal and public-relations battle involving police complaints, counter-allegations and intense scrutiny on social media.

As the allegations continue to circulate, attention is likely to shift toward investigative agencies and the courts, where any evidence supporting or refuting the claims may be examined.

Representatives of Khan Sir had not publicly responded to the latest allegations at the time of writing. The accusations remain contested, and the matter is expected to face further legal scrutiny in the coming days.

## RUMOUR OF FIRE TURNS FATAL

### PANICKED PASSENGERS JUMP FROM TRAIN, 4 CRUSHED BY ONCOMING EXPRESS IN MP HORROR

FAIR REPORT

**MORENA, MADHYA PRADESH:** A terrifying chain of events triggered by an alleged rumour of fire aboard a passenger train claimed at least four lives near Hetampur railway station in Morena district on Sunday, exposing the deadly consequences of panic and misinformation in crowded public transport. According to preliminary reports, passengers travelling on the Udaipur Intercity Express were suddenly gripped by fear after word spread through the coaches that a fire had broken out on the train. As anxiety escalated, several passengers reportedly began jumping from the moving train in an attempt to save themselves. What followed was a tragedy of unimaginable proportions. Passengers who leapt onto the adjacent tracks found themselves directly in the path of the Patalkot Express, which was approaching at high speed. At least four people were killed in the collision, while others sustained injuries and were rushed to nearby hospitals for treatment. Railway officials, police personnel and emergency teams quickly reached the scene and launched rescue operations. Authorities have begun investigating the origin of the fire rumour, the sequence of events that led to the panic, and whether any lapses in onboard communication or crowd management contributed to the disaster.




# TMC IN TURMOIL: 19 REBEL MPs MARCH TO SPEAKER'S RESIDENCE, SPARK SPLIT SPECULATION

FAIR REPORT



**NEW DELHI:** In a political spectacle that has shaken the foundations of the Trinamool Congress, 19 rebel MPs from Mamata Banerjee's party on Sunday stormed the official residence of Lok Sabha Speaker Om Birla, triggering intense speculation of an imminent revolt within Bengal's ruling outfit.

The extraordinary show of dissent came just hours after the same group reportedly held a closed-door meeting with Union Minister Bhupendra Yadav, a sequence of events that has sent Kolkata's political establishment into overdrive.

Among the MPs present were several prominent faces of the TMC's parliamentary contingent, including Sayoni Ghosh, Kakoli Ghosh, Mitali Bag, Mala Roy, Shatabdi Roy, Prasun Banerjee, Sudip Bandopadhyay, Bapi Haldar and Sharmila Sarkar. Sources also confirmed the participation of June Maliya, Partha Bhowmick and Jagdish Basunia. Political observers describe the twin meetings as a carefully coordinated move rather than a routine courtesy call. The scale of participation and the timing have fuelled questions over whether the rebels are attempting to pressure the party leadership, negotiate a new power equation, or lay the groundwork for a dramatic political realignment. For Mamata Banerjee, the development represents one of the most serious signs of internal unrest in recent years. For the BJP, it could signal a strategic opening in West Bengal ahead of future electoral battles.

As speculation intensifies, one question dominates the national political conversation tonight: Is this merely a warning shot, or the beginning of the biggest rebellion TMC has faced since coming to power?

विश्व रक्तदाता दिवस पर राज्य स्तरीय अधिवेशन का आयोजन, फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने किया युवाओं मिशन से जुड़ने का आह्वान

# 'कोई जीवन रक्त के अभाव में न खोए'... रक्तकोष फाउंडेशन ने किया रक्तवीरों का सम्मान

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तकोष फाउंडेशन के राज्य स्तरीय रक्तदान अधिवेशन एवं सम्मान समारोह-2026 आयोजन हुआ। जयपुर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (कोइरा) ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में 30 जिलों से आए सैकड़ों रक्तवीरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने रक्तदान को जनआंदोलन बनाने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर पुलिस आयुक्त सचिन कुमार मित्तल ने स्वयं रक्तदान कर उपस्थित लोगों को सामाजिक दायित्व निभाने का संदेश दिया। वहीं रक्तकोष फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने रक्तदान कर सेवा और समर्पण का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया।

पुलिस आयुक्त सचिन कुमार मित्तल ने कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन देने का पवित्र माध्यम है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और यह केवल इंसान से इंसान तक ही पहुंच सकता है। ऐसे में नियमित रक्तदान मानवता के प्रति हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने रक्तकोष फाउंडेशन द्वारा वर्षों से किए जा रहे जनजागरूकता और रक्तदान प्रोत्साहन के प्रयासों



को समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

रक्तकोष फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने युवाओं से अधिकाधिक संख्या में रक्तदान कर इस जीवनदायी मिशन से जुड़ने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल बिश्नोई ने जानकारी दी कि फाउंडेशन का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रक्त के अभाव में किसी भी व्यक्ति की जान न जाए। हजारों स्वयंसेवकों और रक्तदाताओं के सहयोग से यह अभियान आज प्रदेश का एक सशक्त सामाजिक आंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में रक्तकोष फाउंडेशन का विस्तार प्रत्येक जिले और ब्लॉक स्तर तक किया जाएगा, ताकि रक्तदान की संस्कृति को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके।

रक्तदान जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रक्तकोष फाउंडेशन, कला चर्चा ट्रस्ट एवं राजस्थान ललित कला अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कला शिविर की उत्कृष्ट कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इन कलाकृतियों ने रक्तदान के महत्व को संवेदनशील और रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रदान की।

### 8 वर्षों में रहा सेवा का गौरवशाली इतिहास

समारोह के दौरान 'रक्तकोष फाउंडेशन विवरणिका-2026' का विमोचन किया गया। विवरणिका में फाउंडेशन की स्थापना से लेकर उसकी उपलब्धियों का विस्तृत विवरण संकलित है। पिछले आठ वर्षों में फाउंडेशन द्वारा आयोजित 2,500 से अधिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से 1 लाख 75 हजार यूनिट रक्त संग्रहण का उल्लेख संस्था की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**श्रेष्ठ जिलों और रक्तवीरों का हुआ सम्मानः** संस्थागत श्रेणी में राज्य स्तरीय रक्तदान जिला सम्मान-2025 के लिए बाड़मेर को प्रथम, श्रीगंगानगर को द्वितीय और जोधपुर को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। वहीं वर्ष 2026 में झालावाड़ प्रथम, जोधपुर द्वितीय और नागौर तृतीय स्थान पर रहा। व्यक्तिगत श्रेणी में प्रतिष्ठित 'कार्ल लैंडस्टाइनर रक्तदान अवार्ड' वर्ष 2025 के लिए साजिद अली (बारां) तथा वर्ष 2026 के लिए कैलाश मेघवाल (जोधपुर) को प्रदान किया गया। कला शिविर-2026 में आयुष संतोष तिवारी (मुंबई) प्रथम, सुषमा सिंह (जयपुर) द्वितीय तथा पायल (जयपुर) तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं 'मेरा पहला रक्तदान' लघुकथा प्रतियोगिता में धर्म राजस्थानी (कोटा), गोविंद सुमन (बारां) और मोनिका यादव (अलवर) को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

ग्रामीण-शहरी सेवा शिविरों से घर-घर पहुंच रहा सुशासन, सीएम ने कहा- शिकायतों पर हो तुरंत कार्रवाई

# सेवा और समाधान का बनाएं महाभियान : मुख्यमंत्री

**FAIR REPORT**
**जयपुर**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों के जरिए राज्य सरकार आमजन को घर के निकट ही त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं के प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही, प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का संवेदनशीलता के साथ निराकरण कर घर-घर सुशासन पहुंचाने के संकल्प को भी साकार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने रविवार को ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों के संबंध में मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला कलक्टर्स को शिविरों के आयोजन एवं इनमें उपलब्ध सेवाओं का सभी मीडिया माध्यमों पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने शिविरों में कार्मिकों की उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि आमजन को राहत पहुंचाकर इन शिविरों को सेवा एवं समाधान का महाभियान बनाया जाए। वहीं, सभी संबंधित विभाग और समस्त जिला प्रशासन इन शिविरों के सम्पूर्ण क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी का गंभीरता से पालन करें। उन्होंने जिला प्रभारी सचिव एवं संभागीय आयुक्तों को इन शिविरों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। वहीं, समस्त जिला कलक्टर्स को अधिकारियों की विशेष टीम गठित कर शिविरों का औचक निरीक्षण कर रिपोर्ट बनवाने के लिए भी निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आमजन की आवश्यकता से जुड़े बिजली, पानी और चिकित्सा के प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्य किया जाए, जिससे अधिक से अधिक आमजन लाभान्वित हो सकें।

### शिविरों में लापरवाही तो कलेक्टर्स करे सख्त कार्रवाई



मुख्यमंत्री ने 181 के माध्यम से जिलावार शिकायतों के त्वरित समाधान के भी निर्देश दिए। साथ ही, मानसून पूर्व तैयारियां कर जलभराव की समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिविरों में आने वाली अतिक्रमण की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने शिविरों में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध जिला कलेक्टर्स को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि इन शिविरों में मिलने वाली विशेष रियायतों के प्रकरणों की सम्पूर्ण जानकारी सूचीबद्ध की जाए, ताकि पेंडेंसी की स्थिति में उनका उचित निस्तारण किया जा सके। वहीं, उन्होंने शिविरों में लाभान्वितों की सफलता की कहानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, जिससे अन्य नागरिक भी इन शिविरों का लाभ उठा सकें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में अंत्योदय एवं जनसेवा के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार 12 जून से 15 जुलाई तक ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का आयोजन कर रही है। जिसमें एक ही छत के नीचे विभिन्न योजनाओं, नागरिक सुविधाओं एवं विशेष रियायतों से आमजन को लाभान्वित किया जा रहा है। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी एवं सभी जिला कलक्टर्स वीसी के माध्यम से जुड़े। वहीं, मुख्यमंत्री कार्यालय, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन, राजस्व, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पंचायतीराज विभाग सहित अन्य विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

### नीट री-एग्जाम: पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 21 जून को होने वाले नीट री-एग्जाम को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षक केन्द्रों का निरीक्षण कर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। संदिग्धों और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर नीट री-एग्जाम को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पुलिस की उच्चस्तरीय बैठक ली। उन्होंने कहा कि एनटीए के साथ समन्वय कर गृह मंत्रालय के निर्देशों की गंभीरता से पालना की जाए। मुख्यमंत्री ने गर्मी को देखते हुए अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए सभी केन्द्रों पर पेयजल, छाया जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्थान के 27 जिलों में 611 केन्द्रों पर लगभग 2 लाख 9 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इनमें जयपुर में सर्वाधिक 106, सीकर में 102 और कोटा में 92 केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित होगी।

## ग्रामीण सेवा शिविरों में मौके पर ही हो रहा है समस्याओं का समाधान, आज भी कैंप

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार संचालित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के अंतर्गत 15 जून 2026 को जयपुर जिले की विभिन्न पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा तथा पात्र व्यक्तियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।



जिला कलेक्टर संदेश नायक ने बताया कि 15 जून को उपखण्ड सांगानेर की मोहनपुरा , जोबनेर की ढ़ींढा, फागी की भोजपुरा, फुलेरा की लालाना, चाकसू की भोज्याड़ा और राडोली, सांभर की हबसपुरा, आमेर की बगवाड़ा, मौजमाबाद की उगरियावास, शाहपुरा की मामटोरी कला व शिवसिंहपुरा, चौमू की निवाणा व देवथला, माधोराजपुरा की डिडावता, बस्सी की टोडाभाटा व भूडला , जयपुर की निमेडा, जमवारामगढ़ की चावण्ड का मण्ड व माथासुला, दूदू की बिंगोलाव, किशनगढ़ रेनवाल की मुडोती, रामपुरा डाबडी की नांगल पुरोहितान ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करेंगे। साथ ही राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पंचायती राज, कृषि, जलदाय, विद्युत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। उन्होंने अधिकाधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाने एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

## शहरी नागरिकों को घर के नजदीक मिलेगा विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से शहरी सेवा शिविर-2026 आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न सेवाओं का मौके पर ही लाभ प्रदान किया जाएगा तथा लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

जिला कलेक्टर संदेश नायक ने बताया कि शहरी सेवा शिविरों में जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस, साइनेज लाइसेंस, सीवर कनेक्शन, मोबाइल टावर एनओसी, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सेवाओं से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पट्टों, उपविभाजन-पुनर्गठन, भू-उपयोग परिवर्तन, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, लीज मुक्त प्रमाण पत्र सहित विभिन्न लंबित प्रकरणों का भी मौके पर समाधान किया जाएगा।

### आज यहां आयोजित होंगे शिविर

15 जून को नगर पालिका बगरू के वार्ड 3 एवं 4, नगर पालिका बस्सी के वार्ड 3 एवं 4, नगर पालिका चाकसू के वार्ड 1 से 35, नगर परिषद चौमूं के वार्ड 23, 30, 31, 32, 33, 34, 35 एवं 36, नगर पालिका दूदू के वार्ड 3 एवं 4, नगर पालिका जमवारामगढ़ के वार्ड 1 से 5, नगर पालिका जोबनेर के वार्ड 2, नगर पालिका कालाडेरा के वार्ड 2, नगर पालिका कानोता के वार्ड 2, नगर पालिका खेजरोली के वार्ड 3 एवं 4, नगर पालिका किशनगढ़-रेनवाल के वार्ड 15 एवं 16, नगर पालिका मनोहरपुर के वार्ड 3 एवं 4, नगर पालिका नरायना के वार्ड 3 एवं 4, नगर पालिका फागी के वार्ड 2, नगर पालिका फुलेरा के वार्ड 2 एवं 3, नगर पालिका सांभर लेक के वार्ड 22 एवं 23 तथा नगर परिषद शाहपुरा के वार्ड 12, 13, 31 एवं 33 में शहरी सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें।


कृषि मंत्री ने केंद्र सरकार के 12 साल'विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' की थीम पर आयोजित प्रदर्शनी का किया अवलोकन

# भपंग की थाप पर विकास की कहानी, गफरुद्दीन खां मेवाती ने बांधा समां

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

अलवर में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदर्शनी के दौरान पद्मश्री गफरुद्दीन खां मेवाती और उनके दल ने भपंग व लोकगीतों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को अनूठे अंदाज में प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए पिछले 12 वर्षों में देश की विकास यात्रा और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से प्रदान की।

अलवर जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. किरोड़ी ने प्रेसवार्ता में केंद्र सरकार के 12 वर्षों में किए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के 25 करोड़ नागरिकों को बहुआयामी गरीबी के जाल से सुरक्षित बाहर निकला गया, 4 करोड़ से अधिक पक्के पीएम आवासों का निर्माण करवाया, 81 करोड़ से अधिक लोगों को हर माह मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है, लगभग 9 करोड़ लाभार्थियों का पौषण ट्रैक कर लाभांवित कराया गया, किसानों के बैंक खातों में 4.3 लाख करोड़ रूपये की सम्मान राशि का बिना किसी लीकेज के हस्तांतरण किया गया, करीब 2 करोड़ किसान और करीब 3 लाख व्यापारी ई-नाम पर पंजीकृत हुए, करीब 37 लाख



घरों को पीएम सूर्यघर योजना से 78 हजार रूपये तक की सौलर सब्सिडी का लाभ प्रदान की गई, पीएम आवास योजना (शहरी) में लगभग 9 लाख करोड़ आवंटित कर करीब 1 करोड़ घर लोगों को दिये गए, 2.2 लाख से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हुये, जिसमें 23 लाख से ज्यादा रोजगार मिले, 9 करोड़ से अधिक यात्रियों ने आधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस से यात्रा की, 1155 किमी. में मेट्रो नेटवर्क विकसित किया गया, अब मैट्रो का 26 शहरों में विस्तार हुआ, 60 करोड़ नागरिकों को 5 लाख तक के सालाना मुफ्त इलाज की सुरक्षा दी जा रही है, इसके लिये देशभर के गांवो और कस्बों में 1.8 लाख से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का नेटवर्क स्थापित किया गया है, साथ ही अब 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को भी 5 लाख तक का मुफ्त उपचार प्रदान किया जा रहा है तथा 19 हजार से ज्यादा जन औषधि केन्द्रों का निर्माण किया गया।

उन्होंने कहा कि ज्ञान (गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी) मॉडल आधारित सशक्तिकरण हुआ है, हर घर नल का उपहार के तहत 16 करोड़ घरों में जल पहुंचा, 40 लाख करोड़ से अधिक का गारंटी फ्री मुद्रा लोन दिए गए जिन लाभार्थियों में से 75 प्रतिशत महिलाएं हैं, पीएम जनधन योजना से 32 करोड़ से अधिक महिलाओं के बैंक खाते खुले, 3 करोड़ से अधिक महिला किसान पीएम-किसान योजना से लाभान्वित हो रही है, 3 करोड़ से अधिक लखपति दीदी बनी ग्रामीण भारत की नई पहचान, 2030 तक 3 करोड़ और नई लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है, 3 करोड़ से अधिक महिला नेतृत्व वाले एमएसएमई देश की प्रगति में योगदान दे रहे हैं, देशभर में 2.2 लाख स्टार्टअप्स संचालित हैं, देश में 300 से ज्यादा स्पेस स्टार्टअप्स शुरू किए गए, 1045 खेलो इंडिया सेंटर्स स्थापित किए गए, 10 हजार से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स 1.1 करोड़ से अधिक स्टूडेंट्स को ट्रैनिंग दे रहे है, पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत आवंटित पक्के घरों में से 44.19 प्रतिशत घर एससी-एसटी समुदाय को दिये गये तथा अयोध्या में 5 सदियों के इन्तजार के बाद राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण हुआ है एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में भारत आज दुनिया में तीसरे स्थान पर है।

## ब्रीफ खबरें

### सरकार की उपलब्धियां दर्शाती प्रदर्शनी का किया अवलोकन



**जयपुर।** 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के विषय पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय, धौलपुर में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराती है, बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों को भी जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की व्यापकता एवं प्रभावशीलता को समझने का अवसर प्रदान करती है। प्रदर्शनी के माध्यम से यह स्पष्ट रूप से देखने को मिला कि सरकार की विभिन्न योजनाओं ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं तथा राज्य सरकार की जनहितकारी पहल, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों, शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए सुधारों तथा विकास परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास, कौशल विकास, रोजगार संवर्धन तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से संबंधित उपलब्धियों को भी प्रमुखता से दर्शाया गया।

### तीन दिवसीय प्रदर्शनी का समापन



**जयपुर।** केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना केन्द्र में आयोजित '12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' विषयक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का रविवार को समापन हुआ। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों, जनहितकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों को आकर्षक डिजाइनों, फोटो और सूचना सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किए जाने की सराहना सभी ने की। उप निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क हेमन्त सिंह ने बताया कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी का आयोजन केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों, केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों की जानकारी युवाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन को देने के उद्देश्य से 12 से 14 जून तक किया गया।

### संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टरों को मिले विशेष अधिकार

**जयपुर।** प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर 15 जुलाई तक 'ग्रामीण सेवा शिविर-2026' का वृहद स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इस महा-अभियान के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राजस्व विभाग ने प्रशासनिक शक्तियों का विकेंद्रीकरण किया है। अभियान की अवधि के लिए समस्त संभागीय आयुक्तों और जिला कलेक्टरों को विशेष रूप से प्राधिकृत किया गया है। इसके तहत वे अपने-अपने क्षेत्राधिकार में 'नॉन-फील्ड' (कार्यालयों/गैर-क्षेत्रीय पदों पर) कार्यरत तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को तुरंत प्रभाव से तहसीलों या उप-तहसीलों के रिक्त पदों पर पदस्थापित कर सकेंगे राज्यभर में 12 जून से शुरू हो रहे 'ग्रामीण सेवा शिविर-2026' अभियान में मौके पर ही समस्या समाधान के लिए राज्य सरकार ने कई अधिकारियों की शक्तियों को शिविर प्रभारियों व अन्य अधिकारियों को डेलीगेट कर दी है। ये आदेश 15 जुलाई तक प्रभावी होंगे।

आदेशों के अनुसार राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 92 के अंतर्गत आबादी विस्तार हेतु भूमि आरक्षित किये जाने एवं राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 92 के अंतर्गत आबादी विस्तार हेतु भूमि आरक्षित किये जाने की कलेक्टर की शक्तियां 'ग्रामीण सेवा शिविर-2026' के लिये शिविर प्रभारी बनाए गए भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को दे दी गई हैं। राजस्थान भू-राजस्व (कृषि प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन) नियम, 1970 के अंतर्गत उपखण्ड अधिकारी की शक्तियां भी इन अधिकारियों को दी गई हैं। राजस्थान काश्ताकारी अधिनियम, 1955 (अधिनियम सख्यां 3, वर्ष 1955) की धारा 251-ए व उसके अन्तर्गत बने नियमों के तहत अन्य खातेदार की जोत में से होकर भूमिगत पाइपलाइन बिछाने या नया मार्ग खोलने या विद्यमान मार्ग को चौड़ा करने के लिये उपखण्ड अधिकारियों को प्रदत्त शक्तियां भी इन अधिकारियों को दी गई हैं।

## ब्रीफ खबरें

### श्रद्धालुओं की कार टकराई, दो महिलाओं की मौत, 4 अन्य घायल




**जालोर।** जिले के बिशनगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। हादसा ऐलाना गांव के पास उस समय हुआ, जब एक स्कॉर्पियो और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सड़क पर पलट गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घटना रविवार सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है, कार में सवार लोग एक मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। घायल यात्रियों के अनुसार उनकी कार के आगे चल रही स्कॉर्पियो के चालक ने लापरवाही बरतते हुए अचानक वाहन मोड़ दिया। इससे पीछे चल रही कार स्कॉर्पियो से टकरा गई। तेज रफ्तार और अचानक हुए इस हादसे के कारण दोनों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गए।हादसे में कार सवार लीला देवी राजपुरोहित की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल सौरम देवी ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। दोनों महिलाओं की मौत से परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई है। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद स्कॉर्पियो सवार वाहन को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सर्व कल्याण की कामना के साथ विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ की पूर्णाहुति



**भीलवाड़ा।** शहर के छोटी हरणी स्थित हनुमान टेकरी आश्रम में महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के सान्निध्य में आयोजित 11 कुण्डीय श्री विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ की पूर्णाहुति सर्व कल्याण, आरोग्यमय सुखमय जीवन, गौमाता की रक्षा की कामना के साथ हुई। यज्ञ की पूर्णाहुति में विभिन्न स्थानों से संत-महात्मा, यजमान सहित सैकड़ों भक्तों की सहभागिता रही। यज्ञ की पूर्णाहुति पर महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया। पूर्णाहुति के साथ ही रासलीला भी सम्पन्न हुई। महायज्ञ में सुबह यज्ञ मण्डप में वेद आचार्य पं. मुकेश शास्त्री के निर्देशन में यज्ञ अनुष्ठान सम्पन्न हुए। यज्ञाचार्य मुकेश शास्त्री ने बताया कि हर्ष ओर उल्लास के माहौल में पूजन का क्रम शुरू हुआ। यजमानों ने गौमाता का पूजन भी किया। महायज्ञ में लक्ष्मी स्रोत से सिद्ध किए 111 कलश यजमानों को प्रदान किए। इस अवसर पर महामंडलेश्वर हंसारामजी, महन्त संतदास महाराज, महन्त रामायणी, पुजारी मुरारी पांडे, सालगराम महाराज, दामोदर महाराज, श्यामशरण महाराज आदि का सानिध्य प्राप्त हुआ।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर निकाली जन-जागरूकता साइकिल रैली



**भीलवाड़ा।** विश्व रक्तदाता दिवस पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में शहर में जन-जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्ष भर रक्तदान के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाली संस्थाओं और रिकॉर्ड 112 बार स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले प्रबुद्ध नागरिक का राज्य स्तरीय मानक पर सम्मान किया गया। पुलिस कंट्रोल से पदाधिकारियों ने रैली को रवाना किया। अग्रवाल उत्सव भवन में आयोजित समारोह में सोसायटी द्वारा वर्षभर रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट और सतत सेवाएं देने वाली अग्रणी संस्था 'मुस्कान फाउंडेशन' तथा 'सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन' को स्मृति चिह्न एवं उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर भीलवाड़ा साइकिल क्लब' का भी अभिनंदन किया गया। अब तक112 बार रक्त दान करने वाले विक्रम दाधीच का सोसायटी द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। चेयरमैन लादूराम बांगड़ ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं है और भीलवाड़ा की जनता ने हमेशा इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष मदन खटोड़ के संचालन में कार्यक्रम में रेडक्रॉस जिला सचिव रमेश मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष कंवरलाल पोरवाल, कांतिलाल जैन, अरुण शर्मा 'अजीब', डॉ. राजेश जैन, डॉ. अभिनव शर्मा, मुकेश रूपात और घनश्याम राव सहित कई प्रबुद्ध व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए विधायक की पुलिस के साथ बैठक

**भीलवाड़ा।** शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए विधायक अशोक कुमार कोठारी ने यातायात पुलिस अधिकारियों और प्रबुद्ध जनों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में शहर के ब्लैक स्पॉट्स दुरुस्त करने और मुख्य मार्गों पर वाहनों के सुचारू आवागमन के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में विधायक ने व्यस्त मार्गों पर 4 इंच ऊंचे प्लास्टिक डिवाइडर लगाने के निर्देश दिए। इससे सड़कों की चौड़ाई प्रभावित हुए बिना लेन सिस्टम मजबूत होगा और वाहनों का आवागमन बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से हो सकेगा। इसके साथ ही शहर के प्रमुख मार्गों पर प्रभावी सड़क लाइनिंग कराने और पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक स्थानों पर जेब्रा क्रॉसिंग बनाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने गंगापुर चौराहे से लेकर पुर पुलिया तक के मार्ग पर बने सभी गति अवरोधकों की स्थिति पर चिंता जताते हुये संबंधित विभागों को पूरे मार्ग का तत्काल सर्वे कराने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं बनाए गए गति अवरोधकों को हटाने की बात कही। बैठक में यातायात थाना प्रभारी बाबूलाल टेपण, रामपाल सालवी, जमनालाल सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा का 'विकसित भारत, प्रबुद्ध सम्मेलन', सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा में वक्ताओं ने रखे विचार

# 'आज सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हुई भाजपा'

FAIR REPORT

नागौर



भाजपा की और से रविवार को जिला कार्यालय नागौर में 'विकसित भारत : प्रबुद्ध सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि गरीब, किसान और वंचित वर्ग का कल्याण भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। धनकड़ ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत के बल पर पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद-370 हटाने, गरीब कल्याण योजनाओं, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे कदमों को सरकार की बड़ी उपलब्धियां बताया। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान आयोग अध्यक्ष सीआर चौधरी ने कहा कि किसानों के हित में केंद्र सरकार ने अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और कृषि अवसंरचना के विकास से किसानों को आर्थिक मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि गांवों में सड़क, बिजली और इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ने से ग्रामीण भारत की तस्वीर बदली है। जिलाध्यक्ष रामधन पोटलिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर- घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### संगठन मजबूत बनाने पर चर्चा

इस मौके पर सह संगठन प्रभारी रतनलाल सैनी ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश का मान-सम्मान वैश्विक स्तर पर बढ़ा है और भारत विश्व मंच पर मजबूत नेतृत्व के रूप में उभरा है। सम्मेलन में आयुष्मान भारत, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल भुगतान, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि पिछले 12 वर्षों की यात्रा केवल उपलब्धियों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास,परिश्रम और संकल्प की कहानी है। इस मौके पर अतिथियों का शॉल, माल्यार्पण एवं भगवान राम की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। सम्मेलन के बाद जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई, जिसमें संगठन को अधिक मजबूत बनाने तथा सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर चर्चा हुई।

पूछताछ में सामने आए तथ्य : दस्तावेज जांच रही ACB, 7 दिन की रिमांड ली थी

# नकली बीज : मामा-भांजा समेत छह को जेल

FAIR REPORT

बीकानेर



यहां नकली बीज खपाने और उसके बदले 2 करोड़ 45 लाख लेने के मामले में गिरफ्तार जुगल किशोर बिश्नोई और उसके भांजे स्वतंत्र ज्याणी समेत 6 को कोर्ट ने जेल भेज दिया है। आरोपियों को कुल 7 दिन की रिमांड दी गई थी। इसके बाद रविवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया और न्यायिक अभिरक्षा (JC) भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, पूछताछ में जांच एजेंसी को पूरे नेटवर्क, पैसों के लेनदेन और भ्रष्टाचार से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। वहीं पूछताछ में सामने आए तथ्यों और डॉक्युमेंट्स की जांच आगे की जा रही है। एसीबी अधिकारी आशीष कुमार और विनोद कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो सका। एडिशनल एसपी महेंद्र कुमार शर्मा मामले की जांच कर रहे हैं। 7 जून को लूणकरणसर (बीकानेर) में एक प्राइवेट बस में जा रहे स्वतंत्र ज्याणी को 85 लाख रुपए के साथ पकड़ा गया, जो बीज निगम के तत्कालीन नामित (नॉमिनेटेड) डायरेक्टर जुगल किशोर बिश्नोई का भांजा है। इसके बाद एसीबी ने बीकानेर में जयपुर रोड स्थित जुगल किशोर के घर पर छापा मारा, जहां से 1 करोड़ 58 लाख रुपए नकद बरामद किए गए।

इसके बाद जयपुर में बीटू बाइपास स्थित अरावली अपार्टमेंट से जुगल किशोर बिश्नोई को हिरासत में लिया। वहीं गोपालपुरा स्थित सफारी होटल से किरण कपाड़िया और कथित दलाल सुनील सेठिया को एक ही जगह से पकड़ा गया। वहीं सहयोगी गणपत बिश्नोई को जयपुर और सतपाल को फलोदी से पकड़ा गया। 8 जून को एसीबी ने आरोपियों के खिलाफ FIR दर्ज की। इसके बाद सभी आरोपियों को बीकानेर में ACB की स्पेशल कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया। वहीं सरकार ने भी जुगल किशोर को पद से हटाने के आदेश जारी कर दिया। यहीं से शुरू हुआ पूरा मामलाः राज्य सरकार द्वारा किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न बीज गोदामों की जांच की गई। 27 मई को जोधपुर में किरण कपाड़िया के स्वामित्व वाले मूंगफली बीज गोदाम पर सर्च कार्रवाई की गई। इस दौरान गुजरात की 'गजराज' ब्रांड के मूंगफली बीज के सैंपल लिए गए और बीज बेचने पर रोक लगा दी गई। कृषि विभाग ने गोदाम सीज कर दिया, जहां 15 करोड़ रुपए से अधिक के बीज रखे हुए थे। आरोप है कि इसके बाद बीजों को वापस गुजरात ले जाने की अनुमति और सैंपल पास कराने के लिए रिश्वतखोरी का खेल शुरू हुआ। विशेष जांच शुरूः एसीबी को इनपुट मिला कि गुजरात की कुछ बीज कंपनियों से साठगांठ कर कम गुणवत्ता वाले बीज बाजार में बेचने की कोशिश की जा रही है। जांच में सामने आया कि निगम के डायरेक्टर जुगल किशोर बिश्नोई तक 1 दलाल के जरिए करीब 2 करोड़ की रिश्वत पहुंचाई जा चुकी है। मामले की जांच के लिए एसीबी के डीआईजी रामेश्वर सिंह ने 8 विशेष टीमें गठित की।

### सिलेंडर में विस्फोट, घर- सामान जला

बाड़मेर। बालोतरा में गैस रिसाव के बाद सिलेंडर में लगी आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। चाय बना रही महिला ने घर में सो रहे बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों को समय रहते बाहर निकाल लिया, जिसके बाद सिलेंडर में धमाका हो गया। हादसे में घर में रखा नकदी, जेवरात, कपड़े और घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हादसा सिवाना थाना इलाके धीरा गांव में रविवार सुबह करीब 6 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार धीरा निवासी पोलाराम पुत्र सकाराम अपने परिवार के साथ रहता है। रविवार सुबह पत्नी सतादेवी गैस पर चाय बनाने के लिए रसोई में गई थी। गैस चालू करते ही सिलेंडर में रिसाव शुरू हो गया और कुछ ही सेकंड में टंकी के ऊपर आग लग गई। अचानक आग भड़कने से घर में अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही सतादेवी ने घबराने के बजाय सूझबूझ दिखाई और घर में सो रहे परिजनों को जगाकर बाहर निकाल लिया। इसी दौरान आग तेजी से फैल गई और सिलेंडर में तेजी से धमाका हो गया।

### केंद्रीय मंत्री मेघवाल पीबीएम हॉस्पिटल पहुंचे, हालात जाने

**बीकानेर।** प्रिंस बिजय सिंह मेमोरियल (पीबीएम) सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती छह प्रसूताओं में से एक तारा देवी को छुट्टी मिल गई है, वहीं तीन अन्य की हालत में सुधार दर्ज किया गया है, जबकि दो महिलाओं की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल रविवार शाम पीबीएम अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पोस्ट कोविड वार्ड में भर्ती चार प्रसुताओं के परिजनों से बातचीत की। डॉक्टर्स की टीम भी इस दौरान उपस्थित रहीं। मेघवाल ने महिलाओं को एम्स में रैफर करने की सलाह दी लेकिन डॉक्टर्स ने इससे इनकार कर दिया। इससे पहले पत्रकारों से बातचीत में मेघवाल ने कहा कि वो लगातार नजर बनाए हुए हैं। चिकित्सा मंत्री के विवादित बयान पर उन्होंने कहा कि ये मामला मुख्यमंत्री के ध्यान में आ गया है। पीबीएम हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. बी.सी. घीया ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार प्रीति और शारदा की हालत गंभीर है। वहीं तारा देवी को छुट्टी दे दी गई है। तारा की तबीयत अन्य के मुकाबले काफी सही थी। वहीं राहिला और इमरती की स्थिति में सुधार हो रहा है। कमला अभी भी मेडिकल ICU में भर्ती है।

## ट्रक में बने गुप्त चैंबर से करीब पांच क्विंटल अवैध डोडा-चूरा बरामद, बाड़मेर का तस्कर गिरफ्तार

FAIR REPORT

भीलवाड़ा



राजस्थान में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और स्थानीय मांडल थाना पुलिस ने एक संयुक्त और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने भीलवाड़ा जिले के मांडल थाना क्षेत्र में एक संदिग्ध ट्रक को रोककर उसमें से 517.07किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने बाड़मेर निवासी एक शातिर अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो बेहद चालाकी से पुलिस को चकमा देने की कोशिश कर रहा था। आईजीपी विकास कुमार ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सुरक्षा एजेंसियों को चित्तौड़गढ़ से कोटा बाईपास होते हुए एक ट्रक के मांडल आने की पुख्ता सूचना मिली थी। यह ट्रक भीलवाड़ा के रास्ते मारवाड़ जाने वाला था। सूचना पर मुस्तैद टीम ने मांडल के पास कोठारी नदी की पुलिया पर विशेष नाकाबंदी की। जैसे ही मुखबिर द्वारा बताए हुलिए का ट्रक आता दिखाई दिया, पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। नाकाबंदी देखकर आरोपी तस्कर घबरा गया और उसने ट्रक की रफ्तार बढ़ाकर भागने का प्रयास किया। हालांकि, ANTF और पुलिस की टीम ने पीछा किया और मांडल चौकी के सामने ट्रक को घेरकर रोक लिया। तस्कर ने सामान्य चेकिंग से बचने के लिए ट्रक में बड़े पैमाने पर मॉडिफिकेशन कराए थे। ट्रक की चेसिस बॉडी के बीच, केबिन और फर्श के नीचे गुप्त चैंबर बना रखे थे। इन गुप्त चैंबरों के ऊपर लोहे की चादर की वेल्डिंग इस तरह की गई थी कि ऊपर से देखने पर ट्रक पूरी तरह खाली नजर आए। जांच के दौरान जब पुलिस को इन गुप्त चैंबरों पर शक हुआ, तो मैकेनिक और गैस कटर मशीन बुलाई गई। गैस कटर से लोहे की भारी चादरों को काटने पर अंदर छुपा कर रखी गई डोडा चूरा की यह भारी खेप बरामद हुई।

## यूपी से आ रही रोडवेज बस और ट्रेलर की टक्कर में छह महिलाओं समेत 19 घायल

FAIR REPORT

दौसा



दौसा में यूपी के अलीगढ़ से जयपुर जा रही रोडवेज बस आगरा रोड बाईपास कट पर आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। स्पीड ब्रेकर पर ट्रेलर की रफ्तार कम होने के दौरान पीछे से आ रही बस ड्राइवर उसकी स्पीड का सही अनुमान नहीं लगा सका और बस ट्रेलर में जा घुसी। हादसा रविवार अलसुबह करीब 5 बजे हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में 2 बच्चों और 6 महिलाओं समेत कुल 19 यात्री घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, हादसे के समय अधिकांश यात्री गहरी नींद में थे। अचानक बस के ट्रेलर से टकराने पर यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बाईपास कट पर बने स्पीड ब्रेकर के कारण ट्रेलर की गति धीमी हुई थी। इसी दौरान पीछे से आ रही यूपी रोडवेज बस चालक ट्रेलर की रफ्तार का सही अनुमान नहीं लगा सका और तेज गति में बस ट्रेलर से जा टकराई। पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर यात्रियों को बाहर निकाला। इसके बाद सभी को पहुंचाया गया।

500 से ज्यादा नमूने फेल होने से मचा हड़कंप- खाद्य विभाग ने लगाई दोषी लोगों पर 34 लाख 72 हजार रुपए की पेनल्टी

# शुद्धता-गुणवत्ता पर गंभीर सवाल: मशहूर कलाकंद नहीं रहा भरोसेमंद!

FAIR REPORT

अलवर





जिले की पहचान माने जाने वाले प्रसिद्ध कलाकंद को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच में पिछले ढाई वर्षों के दौरान 500 से अधिक खाद्य नमूने गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतर पाए, जिससे मिलावटखोरी की गंभीर समस्या उजागर हुई है। जांच रिपोर्टों ने यह संकेत दिया है कि बाजार में बिकने वाले कई दुग्ध उत्पादों और मिठाइयों की गुणवत्ता संदिग्ध है, जिनमें अलवर का मशहूर कलाकंद भी शामिल है। फूड सेफ्टी विभाग लगातार सैंपलिंग और कार्रवाई कर रहा है, लेकिन मिलावट का कारोबार पूरी तरह थम नहीं पाया है। विशेषज्ञों का कहना है कि मिलावटी मिठाइयों का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को मिठाई खरीदते समय गुणवत्ता, स्वच्छता और विश्वसनीय दुकानों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है। जानकारी के अनुसार बाजार में बड़ी मात्रा में मिलावटी खाद्य पदार्थों का कारोबार बड़े स्तर पर चल रहा है।

अलवर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिए गए नमूनों में कलाकंद, अन्य मिठाई, मसाला सहित समोसा कचोरी खाद्य सामग्री के नमूने जांच में फेल पाए गए हैं। विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है, लेकिन मिठाई और खाद्य सामग्री खरीदते समय लोगों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। अलवर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच के लिए भेजे गए सैंपल में जो 500 से ज्यादा नमूने फेल पाए गए हैं उनमें मिलावट मिली है। जिसमें दूध, मिठाई, मसाले सहित विभिन्न खाद्य सामग्री मिलावट की पाई गई। अलवर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर कार्रवाई करता है। विभाग हर साल खाद्य सामग्री में मिलावट करने वाले लोगों पर कार्रवाई करता है इसी के तहत वर्ष 2024 में स्वास्थ्य विभाग ने खाद्य सामग्री के 907 सेम्पल लिए गए। जिसमें 290 सैंपल जांच में फेल पाए, जिन पर 106 प्रकरण एडीएम कोर्ट में पेश किए गए, जहां दोषी लोगों पर 34 लाख 72 हजार रुपए की पेनल्टी लगाई गई। वहीं अब लोगों का भी मिलावट होने से भरोसा उठने लग गया है।

### बाजार में मिलावट की स्थिति भयावह...

खाद्य सुरक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार मानकों पर खरा न उतरने वाले 500 से अधिक नमूने पकड़े गए हैं। वहीं जानकारी मिली कि मिलावटखोर कलाकंद को सफेद रखने के लिए केमिकल (जैसे हाइड्रो), सिंथेटिक दूध और घटिया मावे का इस्तेमाल करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह की मिलावटी मिठाइयों का सेवन सेहत के लिए काफी नुकसानदायक साबित हो सकता है। मिलावट का संदेह होने पर आप सीधे खाद्य सुरक्षा विभाग में इसकी शिकायत कर सकते हैं। वहीं खुली हुई या अत्यधिक सफेद दिखने वाली मिठाइयों के बजाय सामान्य रंग वाली मिठाइयों को प्राथमिकता दें।

# Over 400 Residents Join Tree Plantation and Bird Watering Drive in Jaipur's Gopal Bari

FAIR REPORT



**JAIPUR:** In a significant community-led initiative aimed at promoting environmental conservation and protecting urban biodiversity, more than 400 residents participated in a tree plantation and bird watering (Parinda) campaign at Shiv Temple Park in Gopal Bari, Ward 98, on Sunday.

The event witnessed enthusiastic participation from local residents, youth volunteers, women, social workers and community leaders, reflecting growing public awareness about environmental sustainability and the welfare of birds during the scorching summer months.

The campaign focused on increasing green cover in the area through large-scale plantation activities while encouraging citizens to install and maintain water-filled bird feeders across the locality. Organizers said the initiative was designed to address both ecological concerns and the challenges faced by birds due to rising temperatures.

Local MLA Gopal Sharma inaugurated the programme by planting saplings and installing a bird water feeder. Addressing the gathering, he urged residents to actively participate in environmental protection efforts by planting more trees and ensuring the availability of water for birds. He also interacted with local residents, listened to civic concerns and assured them of prompt resolution of public issues. Programme coordinator Anshul Sharma expressed gratitude to the residents for their overwhelming support, stating that the affection of the people, the energy of the youth and the blessings of elders remain the driving force behind such public welfare initiatives. Prominent attendees included Hardoi Garhi Vikas Samiti president Vipin Sharma, Rajendra Sharma, Lallu Lal Sharma, Archana Sharma, Narendra Sharma, Santosh Sharma, Ravi Prakash Sharma and representatives of several social organisations.

# Operation Trinetra: 228.520 Kg Doda Chura Recovered From Brezza Car, Smuggler Arrested

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** Under Operation Trinetra launched against illegal drug smuggling, Sadar Nimbahera Police have taken major action and recovered 228.520 kg of illegal doda chura from a Brezza car. Police have seized the vehicle used in smuggling and arrested one accused. Police are now investigating the entire smuggling network and looking for other people involved. District Police Superintendent Dharmendra Singh said that under the direction of IG Udaipur Range Gaurav Shrivastava, action is being taken against illegal drug smugglers through Operation Trinetra. The action was carried out under the guidance of ASP Mukul Sharma and supervision of DSP Nimbahera. A police team led by SHO Sanjay Sharma was conducting checking near the Beenota Mines area. During the checking, a silver-colour Brezza car coming from the Beseda-Gajpura side was seen. Police signalled the driver to stop, but instead of stopping, he increased the speed and tried to escape. Police chased the car and tried to stop it. During the chase, ASI Sundarpal used a stop stick and punctured the car tyre. Even after that, the driver continued driving at high speed. After some distance, the car hit hills and overturned. Police reached the spot and searched the car. During the search, 12 bags containing 228.520 kg (2 quintal 28.520 kg) doda chura were found. Police seized the drugs and the Brezza car and arrested the driver. Police said that checking and monitoring is being done continuously on the raw routes near the Pratapgarh border area. The accused tried to escape after seeing the police checking, but the police team successfully caught him. Police are questioning the arrested accused to find out the source of the doda chura supply and other people involved in this illegal business.

# JAIPUR BRIBE TRAP: BENGALURU WOMAN SI, 2 HEAD CONSTABLES CAUGHT RED-HANDED BY ACB

FAIR REPORT

**JAIPUR:** In a major anti-corruption crackdown with interstate ramifications, the Rajasthan Anti-Corruption Bureau (ACB) has arrested a woman Sub-Inspector from Bengaluru Police and two Head Constables while allegedly accepting a 2 lakh bribe in Jaipur. According to ACB officials, the three police personnel had travelled from Karnataka to Rajasthan in connection with an investigation linked to a dowry-related case. During the course of the inquiry, they allegedly demanded money from individuals connected to the matter in exchange for favourable treatment and relief from legal action. Acting on a complaint, ACB teams laid a trap and apprehended the accused while they were allegedly accepting the bribe amount. Officials said the operation was carried out after verification of the complaint and preliminary evidence. The arrests have drawn attention because the accused officers were operating outside their home state while conducting an official investigation. Investigators are now examining whether the alleged demand for money was an isolated incident or part of a broader pattern of misconduct.

# New Model of Good Governance: Solutions Will Be Provided in Camps, No Need to Visit Government Offices

**Chief Minister directed to give priority to electricity, water and medical cases; immediate action on encroachment complaints, surprise inspections at district level**

FAIR REPORT




**Chittorgarh-** Instead of visiting government offices repeatedly, people in rural and urban areas are now getting benefits of government schemes and solutions to their problems near their homes. Chief Minister Bhajanlal Sharma has described the service camps being organised by the state government as a medium to take good governance to every doorstep and directed officials to make these camps a major campaign of service and solution. The Chief Minister said that through these camps, quick, transparent and effective services should be provided to the public. Problems of citizens should be solved on the spot and officers should work with sensitivity to ensure that every person gets the benefit of government schemes. Chief Minister Bhajanlal Sharma, during the review meeting of rural and urban service camps held at the Chief Minister's residence on Sunday, directed officials to seriously resolve every case coming to the camps. He said that through these camps, the government's aim is to take good governance to every home. He directed the District In-charge Secretaries and Divisional Commissioners to inspect the camps. District Collectors have also been asked to form special teams and conduct surprise inspections of camp arrangements and working systems. The Chief Minister directed that public-related cases of electricity, water and medical services should be resolved on priority. He also instructed officials to ensure quick district-wise resolution of complaints received through the 181 helpline.

**Immediate Action on Encroachment Complaints**

The Chief Minister directed immediate action on encroachment-related complaints received during the camps. He also said that strict action should be taken at the district level against employees showing negligence.

**Success Stories to be Promoted**

The Chief Minister said that success stories of people benefiting from the camps should be widely promoted so that more citizens can take advantage of these services.

It is worth mentioning that the state government is organising rural and urban service camps from June 12 to July 15. Through these camps, people are being provided benefits of various government schemes, citizen services and special concessions under one roof.

The meeting was attended by Chief Secretary V. Srinivas, senior officials of various departments and all District Collectors through video conferencing. From Chittorgarh, District Collector Dr. Manju, Superintendent of Police Dharmendra Singh, Deputy Forest Conservator Rahul Jhajharia, Additional Chief Executive Officer Rakesh Purohit, UIT's Anshul Ameriya and other district-level officers were present.

# Ujjwal Dadheech Gets Jaipur Riding Award-2026 for Spreading Environmental Message Through Cycling

**Honoured in Outstanding Rider Category; Working for 6 Years to Create Awareness Through Cycling Campaigns, Completed 2100 Km Environmental Cycle Ride in Rajasthan**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** Young physical teacher from Chittorgarh, Ujjwal Dadheech, who has been continuously working to promote cycling and environmental protection, has been honoured with the prestigious Jaipur Riding Award-2026. The award ceremony was organised at the EHCC Hospital Auditorium in Jaipur, where 20 selected cyclists of the AU Jaipur Cyclothon Group were honoured in different categories. Ujjwal Dadheech, a resident of Brahmpuri, received the award in the Outstanding Rider Category. After receiving the award, Ujjwal said that due to increasing global warming, environmental protection is the responsibility of every person. More plantation and less use of fuel are necessary for a better future. He said that he will try to reach every Gram Panchayat of Chittorgarh district by bicycle and motivate people to use bicycles. Ujjwal Dadheech has been working for the last 6 years through cycling campaigns to spread awareness among people. He has also completed a 2100 km cycling journey across Rajasthan with the message of environmental protection. He also secured the first position among cyclists from across the country in the Tour de Rajasthan organised by the Indian Cyclist Group. On the eve of Independence Day, he completed a cycling journey from Jaipur to Bisalpur Dam and gave a message of national service and environmental conservation. This achievement of Ujjwal Dadheech has brought pride to Chittorgarh. Sports lovers and social organisations have appreciated his efforts and said that his work is an inspiration for youth, combining fitness with the message of protecting the environment.

# Illegal Petrol Pump Running Behind Hotel Near Highway, 7,000 Litres of Petroleum Products Seized

**Hidden underground tank and special truck tank used for illegal storage and sale; joint action by police and supply department exposed the setup**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** An illegal petrol pump running secretly behind a hotel on the highway has been exposed in the district. The place looked like a normal hotel covered with a tin shed, but inside, an underground tank was made for storing and selling petroleum products illegally. A joint team of police and the supply department took action and uncovered the entire operation. Based on information received from the District Special Team (DST) of police, the supply department and police team raided Anand Plaza Hotel area near Roadji Ka Kheda on NH-48 in Mangalwad. During the inspection, a large underground tank was found inside the tin shed. Around 2,500 to 3,000 litres of petroleum products were stored in it. During the search of a truck parked outside the premises, another specially made tank was found inside it, containing around 3,500 to 4,000 litres of petroleum products. A total of around 7,000 litres of petroleum products were seized. The investigation found that the underground tank was connected to a dispensing unit. The machine, nozzle and pipes were being used to sell petroleum products to customers. Fuel was taken out from the tank with the help of a motor. The setup was being operated like a small petrol pump without any licence or legal permission. The team seized the truck, petroleum products, motor, pipeline and other equipment used in the illegal business. During the preliminary investigation, it was found that the hotel premises were taken on rent by Abhishek Gurjar, while the seized truck belonged to Kaluram Ahir. Both accused are currently absconding and have been named in the case. Enforcement Inspector Vijay Thalod said that petroleum products were being stored and sold without permission. On the instructions of DSO Hitesh Joshi, a case has been registered at Mangalwad Police Station under the Essential Commodities Act, 1955 and other petroleum supply control rules. Officials are now investigating where the fuel was coming from and who else was involved in this illegal network.

# Two-storey illegal building on fort land demolished: ASI land commercial construction removed with 10 JCBs, operation lasted 13 hours

**Administration and police team reached at 4 AM; 20 tractors removed debris, deep pit was dug for swimming pool and historical stones were used in construction**

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** A major action was taken on Sunday against a two-storey commercial building illegally built on the land of the famous Chittorgarh Fort. The District Administration, Municipal Council and ASI team demolished the construction under heavy police security. The building was built on about 0.14 hectare ASI land. For removing the illegal structure, the administration used 10 JCB machines and 20 tractors. Officials claimed that this is the first major action in Rajasthan to remove encroachment from ASI land. The administrative team reached the fort at around 4 AM. For security reasons, the road from Rampol to Rana Ratan Singh Palace was closed and vehicle movement was stopped. The demolition work started at 5 AM. Heavy machines were used to remove the two-storey building. The structure was demolished step by step under the supervision of officers. The action continued for around 13 hours. More than 50 Municipal Council workers were involved. Around 125 tractor trips were used to remove debris, iron rods and other construction material.

According to ASI officials, the matter came to light in 2024. The Archaeological Department had issued warnings and notices to stop the construction, but the work continued. It was also found that the land was sold further and construction of the commercial building continued. The building was being constructed by Neemuch residents Nilesh Bhatnagar and Ankur. During the inspection, it was found that a deep pit was dug inside the building for making a swimming pool. To avoid difficulty in bringing construction material to the fort, stones taken from the land and historical stones around the fort area were used in the construction. District Collector Dr. Manju said that the cost of JCBs, machines, vehicles, labour and other resources used in the action will be recovered from the encroachers. As per government records, Yuvraj Singh son of Mahendra Singh Medtiya and Satyanarayan Dhobi are listed as encroachers. Around Rs 1.50 lakh cost of the action will be recovered from them as per initial assessment. Apart from this, two other encroachments in the fort area were also removed. ASI Deputy Superintendent Organist Manoj Dwivedi said that legal notices were issued earlier and an opportunity for hearing was given to the builders. However, when the construction work did not stop, the building was removed through tractors. During the action, ADM Ramchandra Khatik, SDM Binu Deval, Additional SP Mukul Sharma, DSP Brijesh Singh, Kotwali SHO Tulsiram Prajapat, Sadar SHO Premchandra, Traffic In-charge Ashutosh, Municipal Council officials Kamalendra Singh and Devendra Kumar Menaria along with police, Municipal Council and ASI teams were present.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**